सार-समाचार

व्यापारियों ने किया विरोध, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

रामगंजमंडी, (निसं)। एशिया की सबसे बड़ी धनिया मंडी के रूप में प्रसिद्ध रामगंजमंडी में धनिया जिन्स पर आढ़त 2.25 प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करने के फैसले का व्यापारियों ने विरोध जताया है। इस संबंध में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड कार्यालय पँहुच उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आढ़त को पुन: 2.25 प्रतिशत करने की मांग की है। गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार धाकड़ और सचिव योगेश गुप्ता के साथ व्यापारी उपखण्ड कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में लगने वाले मंडी टैक्स को कम करने के निर्णय का स्वागत किया गया है, लेकिन धनिया जिन्स पर आढ़त को 2.25 प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करना कच्चे आढ़तियों के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि धनिया व्यापार में पहले से ही खर्च अधिक होता है, ऐसे में आढ़त कम होने से कच्चे आढ़तियों के पास पर्याप्त आय नहीं बच पा रही है। उन्होंने बताया कि पहले 2.25 प्रतिशत आढ़त होने के बावजूद पक्के व्यापारियों द्वारा लगभग 25 प्रतिशत राशि मुद्दत के रूप में काट ली जाती थी, जिससे कच्चे व्यापारियों को करीब 1.40 प्रतिशत ही आढ़त मिल पाती थी। अब आढ़त को घटाकर एक प्रतिशत करने से व्यापारियों की स्थिति और अधिक कठिन हो गई है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि इस विषय को लेकर कुछ लोगों द्वारा सरकार को गलत जानकारी दी गई है और पूर्व में आयोजित बैठक में सभी व्यापारियों का उचित प्रतिनिधित्व भी नहीं था। ऐसे में व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि धनिया जिन्स पर आढ़त को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर पुन: 2.25 प्रतिशत किया जाए, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके और व्यापार भी सुचारू रूप से चलता रहे। ज्ञापन की प्रतिलिपि कृषि विपणन बोर्ड जयपुर के निदेशक, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक कोटा तथा कृषि उपज मंडी समिति रामगंजमंडी के सचिव को भी भेजी गई है।

पुलिस आला अधिकारियों के साथ जवानों ने होली पर्व मनाया

कोटा, (निसं)। सिटी पुलिस लाइन व ग्रामीण पुलिस लाईन में होली के दूसरे दिन गुरूवार को पुलिस आला-अधिकारियों के साथ पुलिस जवानों ने डीजे की धुन पर धुमधाम के साथ होली का पर्व को मनाया। होली के गीतो की धुन पर सभी जवानों ने जमकर डांस किया। पुलिस लाईन में स्नेह और उल्लास के माहौल के बीच सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की खुशीयों को बांटा। सिटी पुलिस लाईन में शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के नेतृत्व में पुलिसकर्मीयो ने राजस्थानी वेशभूषा में रंग-गुलाल खेलकर होली का पर्व को धुमधाम के साथ मनाया, सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण पुलिस लाइन में भी होली का पर्व को धुमधाम के साथ मनाया गया। ग्रामीण पुलिस लाईन में आयोजित होली पर्व में संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल, जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया, कोटा रेंज आईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर सहित अन्य कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो ने जवानों के साथ होली का पर्व उत्साह के साथ मनाया एवं सभी जवानो को होली की शुभकामनाएं दी। कोटा रेंज आईजी ने कहा कि होली पर्व के दिन पुलिस जवान शहर की सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहते है और होली पर्व के दूसरे दिन विभागीय स्तर पर होली मिलन समारोह आयोजित कर होली के पर्व को धुमधाम के साथ मनाया जाता है।

अपनों के जाने के गम के बीच भगत ने भी एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता हर पर्व में भी सेवा को सर्वोपरी रखती है और मरीज व जरूरतमंद की हर संभव सेवा करती है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि परिजन स्वाती कश्यप की दादी पुष्पा बाई कश्यप निजी अस्पताल में भर्ती हैं, उनकी प्लेटलेट महज 19 हजार रह गई थी, होली का पर्व होने से एसडीपी डोनर्स की समस्या आ रही थी, लेकिन सेवा को ईश्वरीय सेवा मानने वाले भगत शर्मा को कॉल किया तो पता चला उनके भाई की मृत्यु को महज 10 दिन हुए थे, लेकिन किसी दूसरे के जीवन को बचाने के लिए वह गम के माहौल के बीच से भी सेवा के लिए आगे आए। होली पर गमी के बावजूद भी सभी को छोड़कर वे छावनी से अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंच गए। पहुंचकर ए पॉजीटिव एसडीपी डोनेट की, वह इससे पूर्व कई बार लोगों की सेवा कर उनके जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करते रहे हैं। टीम जीवनदाता के सेवा कार्य हर समय डोनर्स को प्रेरित करते हैं और डोनर्स समय रहते मरीज को बचाने हर परिस्थिति में पहुंच जाते हैं।

सारस्वत समाज का फागोत्सव एवं होली मिलन आयोजित

कोटा, (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति कोटा एवं सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में सारस्वत ब्राह्मण समाज कोटा संभाग का फागोत्सव एवं होली मिलन समारोह तिरूपति बालाजी मंदिर मौजीबाबा धाम में मनाया गया। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति कोटा के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि कार्यक्रम में सारस्वत ब्राह्मण समाज के संभागभर के सदस्य शामिल हुए। मुख्यरूप से तालेड़ा, कोटड़ा बारां, पादरा, केशवरायपाटन एवं कोटा समाज परिवार एक मंच पर रहा। इस अवसर पर आकर्षक झांकियां सजाई गई और भक्ति गीतों पर समाजबंधु जमकर नाचे। श्रीकृष्ण राधा मनोरम, मनमोहक के परम प्रेम रस भाव से नृत्य नाटिका मंचन अनवरत पुष्प वर्षा और महाआरती के पश्चात समारोह सम्पन्न हुआ। फागोत्सव के साथ ही स्नेह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांवरिया सेठ भजन संध्या के साथ साथ श्रीकृष्ण राधाजी की होली उत्सव पर मातृशक्ति ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर देर रात तक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही "हैलो बच्चों"

- छात्रों के सपनों और उन पर विश्वास रखने वाले शिक्षक की प्रेरक कहानी
- कोटा के 200 कलाकारों ने किया कार्य, कोटा बूंदी में हुई शूटिंग

कोटा, (निसं)। कोटा शहर सपनों का शहर है, यहां हर स्टूडेंट के सपनों को पूरा किया जाता है, और इस स्वर्णिम सफर में यहां की टीचरों का अहम योगदान होता है, यहां के टीचर पढ़ाई तक ही नहीं बच्चें की हर एक्टिविटी पर नजर रखते हैं और यही सब कुछ 6 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही "हैलो बच्चो" फिल्म में दिखाया गया है।

लाईन प्रोड्यूसर सुभाष सोरल ने बताया कि इस फिल्म में कोटा के 200 के करीब कलाकारों ने अपने अभिनय से रोमांचित किया है। सोरल ने कहा कि छात्रों के सपनों और उन पर विश्वास रखने वाले शिक्षक की प्रेरक कहानी इस फिल्म में है। कोटा फैक्टरी के बाद, नेटफ्लिक्स और टीवीएफ एक और स्कूल आधारित कहानी ला रहे हैं, जो भारत के मशहूर शिक्षक और बड़े सपने देखने वाले छात्रों को समर्पित है। यह सीरीज शिक्षक अलख पांडे के खास सफर को दिखाती है, उनका प्रभाव सिर्फ क्लासरूम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत के कई छात्रों के घरों और दिलों तक पहुंचा है।

6 मार्च को प्रीमियर होने वाली यह सीरीज उन छात्रों के बारे में है जिन्होंने अपने सपनों को कभी नहीं छोड़ा। सही मार्गदर्शन और विश्वास से शिक्षा जीवन बदल सकती है। प्रतिश मेहता के निर्देशन में यह सीरीज बनाई गई है।

मुख्य भूमिका विनीत कुमार सिंह ने निभाई है, उनके साथ विक्रम कोचर और गिरिजा ओक गोडबोले सहित अन्य कलाकार भी हैं। सतेन्द्र सोनी, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा, समता सुदिक्षा, वरुण बुद्धदेव और नमन जैन ने भी शानदार अभिनय किया है। इन सभी ने पांच छात्रों की अलग-अलग और प्रेरणादायक कहानियां पेश की हैं, जो हर मुश्किल का सामना कर अपने सपनों की ओर बढ़ते हैं। हैलो बच्चो सीरीज अभिषेक यादव ने बनाई है। इसकी कहानी अंकित यादव, वनार्ली और संदीप सिंह ने मिलकर लिखी है। यह सीरीज नेटफ्लिक्स और टीवीएफ का एक और साथ मिलकर किया गया प्रोजेक्ट है। यह कहानी आज के युवा भारत के सपनों, संघर्ष और मेहनत को दर्शकों के सामने लाती है।

टीवीएफ के संस्थापक और सीईओ अरुणाभ कुमार ने कहा, हैलो बच्चो हमारे लिए बहुत खास सीरीज है। विनीत कुमार सिंह ने कहा, हैलो बच्चो खास है क्योंकि यह दो सफर की कहानी समान भावना के साथ बताती है, एक शिक्षक जो अपना उद्देश्य ढूंढ रहा है, और छात्र जो खुद पर भरोसा करना सीख रहे हैं। तान्या बामी कहती हैं, हैलो बच्चो के जरिए हम भारत के युवाओं की असली जिंदगी की चुनौतियों को दिखा रहे हैं। इस सिरीज में निर्देशक प्रतिश मेहता, निमार्ता अभिषेक यादव, राइटर अभिषेक यादव, अंकित यादव, वनार्ली, संदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर विजय कोशी, श्रेयांश पांडे, कलाकारों में विनीत कुमार सिंग, विक्रम कोचर, गिरीजा ओक गोडबोले

कोटा में कई जगह हुई शूटिंग, भविष्य के द्वार भी खुले:- सुभाष सोरल ने बताया कि इस सिरीज की शूटिंग कोटा एवं बूंदी में हुई है। कोटा में स्टेशन, खेड़ली, नयापुरा, बोरखेड़ा, महावीर नगर, विज्ञान नगर, खानपुरिया रानपुर में शूटिंग हुई। जिसमें कोटा में लाईन प्रोड्यूसर सुभाष सोरल, टीम भुवनेश महावर, अंशुल मेहरा, जीतू मुलालका, आशीष, मनीष मीणा, सुल्तान, नन्द किशोर, सलोनी सोरल, कुणाल मिश्रा, लक्ष्य, रितेश, लविषा, विशाल ने शूटिंग कराई। इसके साथ ही प्रकाश माधवानी, शिवानी नागर, सिद्धार्थ गुप्ता, संजय संगर, अमन कटारिया, सौरभ बैरागी, मोहित महावर, याशिका परियानी, विशाल श्रृंगी, राजेश शर्मा, राकेश व्यास, नंदनी ने अभिनय से मन को मोह लिया।

कोटा में एयरपोर्ट आने पर खुलेगी फिल्म शूटिंग की राह:- सोरल ने कहा कि कोटा में 7 मार्च को एयरपोर्ट का शीलान्यास होने जा रहा है, जिसके बाद यहां बडी फिल्मों के आने की उम्मीद बढ़ेगी। बड़े कलाकार एयरपोर्ट नहीं होने से नहीं आ पाते हैं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा और उनके प्रयास कोटा को नई बुलंदियों पर पहुंचाएंगे। पूरी फिल्म प्रोडक्शन टीम ने एयरपोर्ट के लिए बिरला का आभार जताया।

सुभाष सोरल ने बताया कि इस सीरीज को बनाने में पूर्ण रूप से सहयोग करने पर जिला प्रशासन, केडीए प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन, पर्यटन विभाग का सीरीज की टीम ने आभार व्यक्त किया। इन सभी के सहयोग से सीरीज की शूटिंग सहजता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकी।

प्लांट में धरना प्रदर्शन, मुआवजे की मांग

छबड़ा (निसं)। युवा कांग्रेस नेता दीपक त्यागी के नेतृत्व मे मोतीपुरा प्लांट के बाहर धरना देकर ऊर्जा मंत्री के नाम मोतीपुरा प्लांट अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सडक दुर्घटना में मृत श्रमिक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाने की मांग की है। युवा नेता दीपक त्यागी ने बताया की 27 फ़रवरी को करीब 7 बजे अभिषेक राजपूत (22) ड्यूटी पर मोतीपुरा प्लाट जा रहा था तभी अचानक जैपला रोड पर सामने से तेज स्पीड ट्रेक्टर आया और अभिषेक को कुचल दिया, जिससे उसकी मोके पर मौत हो गयी। त्यागी ने बताया कि अभिषेक एलसीपीएल सीएससी टीपीपी कंपनी मे काम करता था। घर में कमाने वाला कोई नही बचा। माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है, अगर सोमवार तक कंपनी ध्यान नहीं देती है तो प्लाट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष केशव शर्मा, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष ऋतिक राजपूत, आशीष सिंह, पवन चौरसिया, जितेंद्र राजपूत, करतार सिंह, दशरथ ज्ञान सिंह, प्रदीप, निक्की आदि मौजूद थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत खडिया पंचायत समिति सांगोद जिला कोटा राजस्थान

विज्ञप्ति

क्रमांक : 138 दिनांक : 03.03.2026

ग्राम पंचायत खडिया के ग्राम रेलवाद व उमरदा की चारागाह भुमि के जंगली बबुल/जुलीफ्लोरा/विलायती बबुल उन्मुलन व समतलीकरण हेतु निम्न विज्ञप्ति जारी की जाती है।

क्र.सं	कार्य का नाम	अमानत राशि	बोली की तिथि
1	ग्राम रेलावद व उमरदा की चारागाह भूमि के जंगली बबुल/जुलीफ्लोरा/विलायती बबुल उन्मुलन व समतलीकरण करने का कार्य	1000/-	दिनांक 07.03.2026 से 09.03.2026 दोपहर 03:00 बजे तक

बोली की शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

प्रशासक, ग्राम पंचायत खडिया पंचायत समिति सांगोद जिला कोटा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खडिया पंचायत समिति सांगोद जिला कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

जाहिर आम सूचना

क्रमांक-3334 दिनांक-24.02.26

आवास संख्या 4-ए-28 महावीर नगर तृतीय, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री सतबीर सिंह पुत्र श्री जोध सिंह को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री सतबीर सिंह पुत्र श्री जोध सिंह द्वारा दिनांक 01.07.2005 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री सतबीर सिंह पुत्र श्री जोध सिंह की मृत्यु दिनांक 23.12.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों मे श्रीमती सतवंत कौर पत्नी स्व. श्री सतबीर सिंह, श्रीमती मनिन्दर कौर कोहली पुत्री स्व. श्री सतबीर सिंह पत्नी श्री इन्द्रदीप सिंह कोहली एवं रमनदीप कौर कोहली पुत्री स्व. श्री सतबीर सिंह द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 30.05.2025 को श्री इन्दरमीत सिंह पुत्र स्व. श्री सतबीर सिंह के पक्ष में किया गया। श्री इन्दरमीत सिंह पुत्र स्व. श्री सतबीर सिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-ए-28 महावीर नगर तृतीय, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री इन्दरमीत सिंह पुत्र स्व. श्री सतबीर सिंह के नाम करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री इन्दरमीत सिंह पुत्र स्व. श्री सतबीर सिंह के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री इन्दरमीत सिंह पुत्र स्व. श्री सतबीर सिंह के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

जाहिर आम सूचना

क्रमांक-3258 दिनांक-16.02.26

आवास संख्या 3-जे 45 दादाबाडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री अर्जुन दास को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री खुमान सिंह के नाम दिनांक 21.10.2002 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री खुमान सिंह द्वारा दिनांक 12.01.2004 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री खुमान सिंह की मृत्यु दिनांक 14.10.2006 को हो चुकी हैं। इनकी मृत्यु उपरांत इनके समस्त वारिसानों में श्री सुर्य प्रकाश खींची पुत्र स्व. श्री खुमान सिंह खींची द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 26.03.2007 को श्री दिनेश खींची पुत्र स्व. श्री खुमान सिंह खींची के पक्ष में किया गया। श्री दिनेश खींची पुत्र स्व. श्री खुमान सिंह खींची द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 25.08.2007 को श्रीमती गुणमाला जैन पत्नी श्री पदम कुमार जैन को किया गया। श्रीमती गुणमाला जैन पत्नी श्री पदम कुमार जैन द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 08.08.2025 को श्रीमती रजनी लालवानी पत्नी श्री प्रेम कुमार लालवानी को किया गया। श्रीमती रजनी लालवानी पत्नी श्री प्रेम कुमार लालवानी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-जे 45 दादाबाडी, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रजनी लालवानी पत्नी श्री प्रेम कुमार लालवानी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रजनी लालवानी पत्नी श्री प्रेम कुमार लालवानी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रजनी लालवानी पत्नी श्री प्रेम कुमार लालवानी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

जाहिर आम सूचना

क्रमांक-3424 दिनांक-5.3.2026

श्री मदन महाराजा पुत्र श्री बुद्धा महाराजा द्वारा विशिष्ट पंजीकरण योजना वर्ष, 2006 के तहत समयावधि बाद वर्ष 2008 में पंजीकरण चालान सं. 1087 से 30000रु पंजीकरण राशि जमा करवाकर उच्च आय वर्ग में कोटा शहर हेतु पंजीकरण करवाया गया। मण्डल द्वारा आवेदक की वरियता 01/G-5/HPS/HIG/2008 निर्धारित की गई। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री मदन महाराजा पुत्र श्री बुद्धा महाराजा की मृत्यु दिनांक 12.02.2017 को हो चुकी है। श्री मदन महाराजा पुत्र श्री बुद्धा महाराजा द्वारा इस पंजीकरण की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलखित कर दिनांक 03.01.2008 को श्री युवराज सिंह पुत्र श्री लाल सिंह हाडा के पक्ष में आलेखित की गई। श्री युवराज सिंह पुत्र श्री लाल सिंह हाडा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर पंजीकरण संख्या 1087 उच्च आय वर्ग वरियता क्रमांक 01/G-5/HPS/HIG/2008 का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर किये जाने हेतु प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त पंजीकरण का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री युवराज सिंह पुत्र श्री लाल सिंह हाडा के नाम करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त पंजीकरण का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री युवराज सिंह पुत्र श्री लाल सिंह हाडा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त पंजीकरण का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री युवराज सिंह पुत्र श्री लाल सिंह हाडा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

युवक का शव मिला

छबड़ा (निसं)। पाली थाना क्षेत्र के तेलनी गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने पर सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की विस्तृत जांच की मांग की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाली थाना अधिकारी विष्णु प्रसाद ने बताया कि सूचना पाकर तेलनी पहुंची पुलिस को यहां सड़क पर एक युवक चद्दर में लिपटा हुआ मिला। जिसकी शिनाख्त 32 वर्षीय गजराज भील के रूप में हुई। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का कहना है कि मृतक गजराज खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था।

गुरुवार सुबह उसका शव उसके घर के सामने सड़क पर पड़ा मिला। परिजनों ने गजराज की हत्या का आरोप लगाया है।

कोटा मंडल में क्रैक ट्रेनों के संचालन में उल्लेखनीय वृद्धि, फरवरी में 744 गाड़ियों का सफल संचालन

- मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के नेतृत्व में संचालन प्रबंधन को मिली नई गति, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में क्रैक ट्रेनों के संचालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

पूर्व वर्षों में जहाँ इन ट्रेनों का संचालन अत्यंत सीमित संख्या में किया जाता था, वहीं मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के कुशल नेतृत्व, सतत् प्रयासों तथा प्रभावी संचालन प्रबंधन के परिणामस्वरूप फरवरी माह में कुल 744 क्रैक ट्रेनों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। यह उपलब्धि मंडल की बेहतर योजना, समन्वय एवं संचालन दक्षता को दर्शाती हैं। इन क्रैक ट्रेनों का संचालन मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर किया गया, जिनमें गंगापुर-रतलाम-गंगापुर (396 किलोमीटर), गंगापुर-चित्तौड़गढ़-गंगापुर (326 किलोमीटर), कोटा-सागर-कोटा (375 किलोमीटर), सवाई माधोपुर-गुना-सवाई माधोपुर (272 किलोमीटर) तथा कोटा-बयाना-कोटा (249 किलोमीटर) मार्ग प्रमुख रहे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इनमें से एक गाड़ी ने गंगापुर सिटी से रतलाम के मध्य 67.88 किलोमीटर प्रति घंटा की औसत गति प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त दिनांक 17 फरवरी 2026 को कोटा मंडल द्वारा एक ही दिन में 39 गाड़ियों का संचालन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया, जो मंडल के लिए गौरव का विषय है।

गाड़ी संचालन से जुड़े 18 कर्मचारियों, जिनमें मुख्यत: लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, उप मुख्य गाड़ी नियंत्रक एवं खंड नियंत्रक शामिल हैं, के सराहनीय योगदान को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा द्वारा प्रत्येक कर्मचारी को 1000 की नगद पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में पहलवान सिंह, डीएमवीआई द्वारा मास्टर कंट्रोल चार्ट पर क्रैक ट्रेनों के पथ का सुव्यवस्थित निर्धारण कर उत्कृष्ट संचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर उन्हें विशेष रूप से 2000 की नगद पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता सिंघवी पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में उमड़े लोग

छबड़ा (निसं)। वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए है। उनका अंतिम संस्कार चिकित्सालय के समीप स्थित मोक्षधाम में विधि-विधान मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। उनके पुत्र राहुल सिंघवी ने मुखाग्नि दी।

अंतिम दर्शन के लिए शहरवासी उमड पडे। पुराने छबडा में स्थित आवास से सुबह नो बजे उनकी शवयात्रा शुरू हुई। जो मुख्य मार्गो से होते हुए मोक्षधाम पहुंची, जिसमें सेकडो की संख्या में लोग शामिल हुए। पूरे रास्ते लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम दर्शन के लिए मानो पूरा शहर उमड पडा। आम से लेकर खास तक लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। जानकारी मिलने पर छबडा पहुंचे विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने परिजनों का ढांढस बंधाया। अंतिम संस्कार के दौरान विधायक सिंघवी भी भावुक दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि उनके निधन से न केवल भाजपा संगठन बल्कि छबडा ने एक अनुभवी, दूरदर्शी और जनप्रिय नेता को खो दिया है। वही यहां पहुंचे लोगो ने कहा की पार्टी ने एक निष्ठावान सिपाही और नगर ने विकास के मजबूत स्तंभ को हमेशा के लिए खो दिया है। शवयात्रा में जिलेभर के भाजपा-कांग्रेस और आरएसएस नेताओं के साथ अधिवक्ता संघ, व्यापारी संगठन, किसान नेता और विभिन्न सामाजिक वर्गों के पदाधिकारी व बडी संख्या में लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में एकाएक रूप से शोक की लहर दौड गई थी। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर यहां पहुंचा तो हर किसी की आंखें नम हो गई। गुरुवार अल सुबह से ही उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा।

पोस्टर का विमोचन

कोटा, (निसं)। श्री श्याम ही सहारा सेवा संस्था, कोटा के तत्वावधान में आगामी 8 एवं 9 मार्च को आयोजित होने वाले श्री श्याम रंगीलो फागोत्सव 2026 एवं नि:शुल्क सर्व सनातन कन्या विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष नागेश गुप्ता ने बताया कि 8 मार्च को फागोत्सव श्री श्याम रंगीलो फागोत्सव 2026 एवं 9 मार्च सोमवार को 13 बेटियों का नि:शुल्क सर्व सनातन कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा (see above)

होली मिलन एवं महिला दिवस सम्मान समारोह आज

कोटा, (निसं)। हाड़ौती ब्यूटीशियन ऐसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह एवं महिला दिवस सम्मान समारोह 6 मार्च को पोरवाल भवन गुमानपुरा में सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक होने जा रहा है। जिसमें हाडौती संभाग की ब्यूटिशियन अपनी प्रतिभा व कला का प्रदर्शन करेंगी साथ ही बदलती हेयर व ब्यूटी स्टाईल को और बेहतर करने की बारीकियां सीखेंगी। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. नीता पारीक ने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, मेकअप प्रतियोगिता द्वारा हाड़ौती संभाग की ब्यूटीशियन अपनी कला का प्रदर्शन करेगी साथ ही उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाली महिलाओं का इस दौरान सम्मान भी होगा। कार्यक्रम में हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष अशोक पालीवाल एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौतम भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

नाम परिवर्तन

मेरी सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंजली है जबकि अन्य दस्तावेजों में अंजली सिंह है दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है भविष्य में मुझे अंजली सिंह के नाम से जाना जाए।

पता-बी-88 आदर्श नगर कैलाशपुरी कुन्हाड़ी

खोया पाया

मेरे मकान संख्या 5-N-17 महावीर नगर तृतीय का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं इन्द्रा शुक्ला का कार्यालय आदेश कही खो गया है। स्वाती शुक्ला, 5-N-17 महावीर नगर तृतीय कोटा

आम सूचना

श्री करण पेसवानी पुत्र श्री महेश कुमार, निवासी मकान नं. 6-ए-45, महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान नं. 113, केशवपुरा-9, बसन्त विहार योजना, कोटा (राज.) को बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटा में साम्यक् बंधक रख ऋण हेतु आवेदन किया है। उक्त मकान को श्री करण पेसवानी ने जरिये विकय पत्र दिनांक 31.07.2023 द्वारा श्री नागेन्द्र सोनी पुत्र श्री सोहनलाल सोनी जरिये मुख्तारआम श्रीमती ज्योति देवी एवं श्री परसराम झमटानी से कय किया गया था, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, कोटा में दिनांक 31.07.2023 को हो रहा है। उक्त मकान से संबंधित असल मुख्तारनामा जो कि श्रीमती पुष्पा जैन पत्नी श्री प्रेमचन्द जैन के द्वारा श्री मदन मोहन पुत्र श्री देवीलाल नागर के पक्ष में निष्पादित किया गया था, असल उपलब्ध नहीं है एवं गुम होना बताया गया है, जिसकी संबंधित थाने में इन्फोर्मेशन रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। श्री करण पेसवानी द्वारा उक्त सम्पत्ति पर वर्तमान में आईसीआईसीआई बैंक, कोटा से ऋण लिया हुआ है, जिस ऋण का अन्तरण बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटा में करवा रहे है। अगर किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त वर्णित असल मुख्तारनामा के संदर्भ में किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मुझे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर दें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कोटा

दिनांक : 02.03.2026

राजेन्द्र मंगल एडवोकेट, मकान नंबर 322 महावीर नगर द्वितीय कोटा राज. मो. 94148-02953

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- 1676 दिनांक : 5.3.2026

नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखण्ड/दुकान संख्या-43 सर्राफा बोर्ड जे.पी. मार्केट योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-4573 दिनांक 26.02.2005 को मेसर्स राठी सिल्वर वर्कशाप प्रो. श्रीमती रतन देवी राठी पत्नी स्व. श्री शिवरतन जी राठी आवंटन किया गया था। आवंटी मेसर्स राठी सिल्वर वर्कशाप प्रो. श्रीमती रतन देवी राठी पत्नी स्व. श्री शिवरतन जी राठी द्वारा उक्त भूखंण्ड/दुकान का जर्ये मुख्तारआम दिनांक 31.03.2005 श्री संजय जैन पुत्र श्री ज्ञानचंद जैन के नाम कर दिया गया है। क्रेता द्वारा भी उक्त भूखंड को जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.04.2005 श्री वीरेंद्र कुमार जैन पुत्र श्री माणक चंद जैन को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखंण्ड/दुकान को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/दुकान संख्या-43 योजना सराफा बोर्ड जे. पी. मार्केट का नाम हस्तान्तरण आवेदक श्री वीरेंद्र कुमार जैन पुत्र श्री माणक चंद जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- 813 दिनांक : 5.3.26

नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-डी आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 159 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 05.09.2011 को श्रीमती भगवानी देवी पत्नी स्व. श्री नानक चंद को किया गया था। श्रीमती भगवानी देवी पत्नी स्व. श्री नानक चंद द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व जर्ये दान पत्र दिनांक 24.10.2018 को श्री ताराचंद बुधरानी पुत्र स्व. श्री नानक चंद बुधरानी को कर दिया गया है। श्री ताराचंद बुधरानी की मृत्यु दिनांक 24.02.2025 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, आई.डी., शपथ पत्र, रिलीज डीड, इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण से चाही जा रही है।

अतः प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 159 योजना श्रीनाथपुरम-डी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती रोशनी पत्नी स्व. श्री ताराचंद बुधरानी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/860 दिनांक : 26.2.26

नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/ भूखण्ड संख्या-10 केशवपुरा-4 योजना का कार्यालय आदेश के पत्र कमांक-962.63 दिनांक 27.01.2007 द्वारा श्री गिर्राज प्रसाद पुत्र श्री छीतर लाल को आंवटित किया गया था। श्री गिर्राज प्रसाद कि मृत्यु दिनांक 12.09.2020 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात श्री गिर्राज प्रसाद के विधिक वारिसान के द्वारा श्रीमती मोहिनी गुप्ता पत्नि श्री गिर्राज प्रसाद के पक्ष में हक का त्याग किया गया है। हकत्याग ग्रहिता श्रीमती मोहिनी गुप्ता पत्नि श्री गिर्राज प्रसाद के नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास / भूखण्ड संख्या-10 केशवपुरा-4 योजना का नाम हस्तांतरण श्रीमती मोहिनी गुप्ता पत्नि श्री गिर्राज प्रसाद के नाम से जारी कर दिया जावेगा। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/870 दिनांक : 05.03.26

नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास /भूखण्ड संख्या-1589 बंसत विहार केशवपुरा-9 योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 212 दिनांक 04.04.1988 द्वारा श्रीमती संतोष जैन पत्नि श्री त्रिलोक चन्द को आंवटित किया गया था। श्रीमती संतोष जैन के द्वारा श्री बिरधीलाल पुत्र श्री केशरी लाल को उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 29.11.1995 को कर दिया गया क्रेता श्री बिरधीलाल कि मृत्यु दिनांक 11.12.2022 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात श्री बिरधीलाल के विधिक वारिसान के द्वारा श्री महेन्द्र नागर पुत्र श्री बिरधीलाल के पक्ष में हक का त्याग किया गया है। हकत्याग ग्रहिता श्री महेन्द्र नागर पुत्र श्री बिरधीलाल के नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या-1589 बसंत विहार केशवपुरा-9 योजना का नाम हस्तांतरण श्री महेन्द्र नागर पुत्र श्री बिरधीलाल के नाम कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

सर्व हिन्दू समाज की विराट वाहन रैली 21 को

कोटा, हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति, कोटा महानगर के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में 17 से 21 मार्च तक पंचदिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इन कार्यक्रमों के अंतर्गत मातृशक्ति वाहन रैली, महाआरती, स्वदेशी मेला, भजन संध्या तथा सर्व हिन्दू समाज की विराट वाहन रैली जैसे विविध आयोजन होंगे। हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति कोटा महानगर की तैयारी समीक्षा बैठक गुरुवार सायं 7 बजे टीलेश्वर महादेव मंदिर परिसर, टीलेश्वर चौराहे पर आयोजित हुई। बैठक में अतिथि मौजीबाबा धाम से महामंडलेश्वर साध्वी हेमा सरस्वती, कबीर आश्रम चेतन धाम से सद गुरु प्रभाकर देव साहिब, महामंडलेश्वर रंजीतनंद जी महाराज, श्रीकुलम शक्तिपीठ माताश्री नीति अंबाजी, महानगर आयोजन समिति अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल मंचस्थ रहे एवं संचालन महामंत्री डॉ. बाबूलाल भाट ने किया। अतिथि संतों नें आव्हान किया है कि हिन्दू नववर्ष अपना है और इसे पूरे उत्साह ओर उल्लास से उत्सव स्वरूप में आयोजित करें।

फागोत्सव में महामूर्खाधिराज एवं मूर्खों को पुरस्कृत किया

कोटा, (निसं)। सिंधी सभ्यता मंडल द्वारा अशोका कॉलोनी में फागोत्सव एवं होली मिलन समारोह मनाया गया। महामंत्री प्रकाश वीर नाथानी ने बताया आगंतुकों को तिलक लगाकर एवं टोपी पहनकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। होली से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर सही उत्तर बताने वाले प्रतिभागी को हाथों-हाथ पुरस्कृत किया।

अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खूबचंदानी ने बताया समारोह में महामूर्खादिराज, महामूर्खादिरानी एवं मूर्ख वजीर, वजीरानी, चमचा, चमची का चयन कर पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नारायण राजाजी ने की। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा महिला शक्ति की अध्यक्ष सावित्री गुप्ता, मूलचंद तालरेजा, मंडल संरक्षक अर्जुन जयसिंघानी, प्रकाश वीर नाथानी, नम्रता गेहिजा एवं बच्चों ने चुटकुले, कविताएं एवं गीत सुनाकर माहौल को हर्षोल्लास से आनंदित कर दिया। समृद्ध भारतीय

कोटा में सिंधी समाज के समारोह में महामूर्खादिराज, महामूर्खादिरानी एवं मूर्ख वजीर, वजीरानी, चमचा, चमची का चयन कर पुरस्कार दिया गया।

संस्कृति के विरुद्ध पाश्चात्य संस्कृति अपनाने पर समाज में व्याप्त बुराईयों पर तुलनात्मक नाटिका का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र झामनानी, संभाग सेवा प्रमुख नरेश टहल्याणी, राकेश हरिसिंघानी, विजय नैभनानी, पवन खूबचंदानी, मुकेश ओचानी, भारती सचदेवा, ज्योति मालघानी एवं भारतीय सिंधु सभा की मातृशक्ति की कई सदस्य एवं मंडल सदस्य उपस्थित रहे।